डाक पंजीयन क्रमांक मप्र/भोपाल/39/21-23 RNI. No.MPHIN/2005/24545

# राष्ट्रीय जनवक्ता

राजगढ़ जिले का प्रमुख दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-22 अंक- 05 ( सांध्य दैनिक ) राजगढ़, सोमवार 14 जुलाई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रूपया

दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता



लेख , कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए स्थानीय संपादक इफ्तेखार उद्दीन खान से संपर्क करें
मो. 9977442619
9425442435

दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता

लेख , कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए उप संपादक कमरूउद्दीन खान से संपर्क करें
मो. 9340636911
9425442435
आनंद एक्सीलेंस कॉलेज के सामने, वार्ड नं. 2, ब्यावरा (राजगढ़) मप्र



## राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए 4 सदस्यों को किया नॉमिनेट

### मशहूर वकील उज्जावल निकम और इतिहासकार मीनाक्षी जैन शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति मुर्मू ने राज्यसभा के लिए 4 सदस्यों को नॉमिनेट किया है। इनमें पूर्व सरकारी वकील और लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रहे उज्ज्वल निकम शामिल हैं। निकम, 26/11 के मुंबई हमला समेत कई हाई-प्रोफाइल मामलों में पब्लिक प्रॉसिक्यूटर रहे हैं। इनके अलावा, केरल के वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद सी. सदानंदन मास्टर, भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और इतिहासकार एवं शिक्षाविद मीनाक्षी जैन भी राज्यसभा जाएंगी। ये नियुक्तियां उन सीटों के लिए की गई हैं, जो पहले के नामित सदस्यों के सेवानिवृत्त होने से खाली हुई थीं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80(3) के तहत, राष्ट्रपति को राज्यसभा में 12 सदस्यों को नॉमिनेट करने का अधिकार है। ये सदस्य कला, साहित्य, विज्ञान, सामाजिक



सेवा जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान के लिए चुने जाते हैं। वर्तमान में राज्यसभा की कुल सदस्य संख्या 245 है, जिसमें 233 निर्वाचित और 12 नामांकित सदस्य शामिल हैं। राज्यसभा संसद का उच्च सदन भारत की संसद में दो सदन होते हैं- लोकसभा और राज्यसभा। राज्यसभा संसद का उच्च सदन होता है। इसके सदस्यों का कार्यकाल 6 साल का होता है और हर 2 साल में एक तिहाई सदस्य रिटायर होते हैं। संसद को दोनों सदनों का मुख्य काम विधान या कानून बनाना है। इसके लिए पहले विधेयक सदन में पेश किया जाता है। फिर इस पर चर्चा होती है, उसके बाद सभी की सहमति या वोटिंग कराकर इसे पारित कर दिया जाता है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ये कानून बन जाता है। राज्यसभा के सदस्यों का चुनाव सीधे जनता नहीं, बल्कि अप्रत्यक्ष तरीके से होता है। इसका मतलब है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं (विधायकों) के चुने हुए सदस्य इन सदस्यों को चुनते हैं। किसी राज्य में राज्यसभा की जितनी सीटें खाली हैं, उन पर राज्य के विधायकों की संख्या के अनुसार वोट डाले जाते हैं।

- पूर्व डिप्लोमैट हर्षवर्धन श्रृंगला और समाजसेवी सदानंदन का भी नाम

राजा मर्डर केस

## शिलॉन्ग जाने की तैयारी में मृतक के भाई विपिन

- बोले-आरोपियों से मिला हो सकता है ब्रोकर शिलोम जेम्स,अलग से जांच होनी चाहिए



**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या का मोटिव अभी तक साफ नहीं हुआ है। राजा का परिवार शिलॉन्ग पुलिस की कार्रवाई से तो संतुष्ट है, लेकिन उन्हें मलाल इस बात का है कि राजा की हत्या की वजह क्या है, इसका पता नहीं चल सका है। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने कहा- जिस बिल्डिंग में सोनम रुकी थी, उसका ब्रोकर-कॉन्ट्रेक्टर शिलोम जेम्स अन्य आरोपियों से 100 फीसदी मिला है। उसके पास इतना पैसा कहां से आया, इसे लेकर जांच करानी चाहिए। 20 मई को राजा और सोनम हनीमून के लिए मेघालय के शिलॉन्ग गए थे, जहां 23 मई को सोनम ने राजा की हत्या करवा दी थी। 2 जून को राजा की लाश मिलने के बाद 9 जून को सोनम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। तब से लेकर अब तक पुलिस सोनम को दो बार रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है, अब वह जेल में है। विपिन ने कहा- शिलॉन्ग पुलिस ने जो कार्रवाई की, उससे परिवार पूरी तरह संतुष्ट है।

## शिकारियों के अड्डे बन गए हैं कोचिंग सेंटर्स, प्रतिभा खा रहे हैं

### राजस्थान के कोटा में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया बड़ा कटाक्ष

**कोटा (एजेंसी)।** कोचिंग सेंटर शिकारियों के अड्डे बन गए हैं। ये प्रतिभाओं के लिए एक तरह से ब्लैक होल बन गए हैं... यह कहना है भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, कोटा के दीक्षांत समारोह में स्टूडेंट्स को

- कहा-स्टूडेंट्स को सही दिशा दिखाने के बजाय बना रहे हैं पासिंग मशीन



संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कोचिंग सेंटर्स के रवैये को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कोचिंग सेंटर्स को 'पोचिंग सेंटर्स' और 'प्रतिभाओं के लिए ब्लैक होल' कहा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कोटा में आईआईटी के दीक्षांत समारोह में कोचिंग सेंटरों पर चिंता जताई। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कोचिंग सेंटर्स को प्रतिभा के लिए 'ब्लैक होल' बताया और एनईपी के अनुसार कौशल विकास केंद्र बनाने का आग्रह किया। उन्होंने डिजिटल युग में भारत की संप्रभुता पर जोर दिया और युवाओं से तकनीकी नेतृत्व करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोचिंग सेंटर छात्रों की रचनात्मकता को दबा रहे हैं और अंकों के पीछे भागने से सीखने की भावना कम हो रही है। उन्होंने छात्रों को 'रोबोट' बनाने और मनोवैज्ञानिक समस्याएं बढ़ाने की बात कही। उन्होंने स्वदेशी डिजिटल उपकरणों के निर्माण और तकनीकी नेतृत्व को देशभक्ति का नया रूप बताया। उनका कहना था कि ये सेंटर सिर्फ व्यावसायिक लाभ के लिए काम कर रहे हैं। ये छात्रों को एक सीमित दायरे में धकेल रहे हैं, जिससे सीखने की भावना खत्म हो रही है। उन्होंने कहा कि कोचिंग सेंटर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विपरीत काम कर रहे हैं। एनईपी समग्र, अनुभवात्मक और कौशल-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देती है। यानी एनईपी चाहती है कि बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान न दिया जाए, बल्कि उन्हें अनुभव से सीखने और अपने कौशल को विकसित करने का मौका मिले। लेकिन ये सेंटर छात्रों को सही दिशा में ले जाने की बजाय उन्हें सिर्फ परीक्षा पास करने की मशीन बना रहे हैं। जगदीप धनखड़ ने कहा कि आजकल बच्चे सिर्फ नंबरों के पीछे भाग रहे हैं, जिससे सीखने का असली मकसद कहीं खो गया है। हमें शिक्षा में समझदारी बहाल करने की जरूरत है। हमें शिक्षा को सिर्फ परीक्षा पास करने का जरिया नहीं समझना चाहिए। हमें बच्चों को सोचने, समझने और सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कोचिंग सेंटरों से आग्रह किया कि वे अपने बुनियादी ढांचे का उपयोग कौशल विकास केंद्र के रूप में करें। कोचिंग सेंटर अपने संसाधनों का इस्तेमाल छात्रों को अलग-अलग तरह के स्किल सिखाने में कर सकते हैं।

## सुपर स्वच्छ लीग श्रेणी में 8वीं बार सम्मानित होगा इंदौर

- देश की सर्वश्रेष्ठ राजधानी में भोपाल सबसे ऊपर; सुपर लीग में उज्जैन ने भी बनाई जगह

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के आठ शहरों को स्वच्छता की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए 17 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इंदौर शहर स्वच्छता के लिए सुपर स्वच्छ लीग श्रेणी में आठवीं बार सम्मानित होगा। इंदौर इससे पहले 7 बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। पिछले 7 सालों में बेहतर प्रदर्शन और भविष्य की संभावनाओं के आधार पर स्वच्छ लीग पुरस्कार इस वर्ष इंदौर को दिया जाएगा। वहीं देश की सर्वश्रेष्ठ राजधानी के रूप भोपाल को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार मिलेगा। बीस हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर भी सम्मानित किया जाएगा। सीएम यादव बोले- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार में मध्य प्रदेश एक बार फिर गौरवान्वित होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मध्यप्रदेश के आठ शहरों को स्वच्छता की विभिन्न श्रेणियों में



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए सभी स्वच्छताकर्मी, महापौर, पार्षद, अधिकारी और कर्मचारीगण, तथा आमजन बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता का जो संकल्प लिया है, उसमें मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर चल रहा है।

## मॉनसून सत्र की तैयारी,सोनिया ने बुलाई कांग्रेस की बैठक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने संसद के आगामी मॉनसून सत्र के लिए रणनीति पर चर्चा करने की खातिर 15 जुलाई को बैठक बुलाई है। संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण 13 और 14 अगस्त को संसद की

- 15 जुलाई को बैठक,मोदी सरकार को घेरने की बनेगी रणनीति



बैठक नहीं होगी। इस सत्र में कई मुद्दों पर विपक्ष और सरकार के बीच टकराव की आशंका है। डेक्कन हेराल्ड ने पार्टी सूत्रों के हवाले से बताया कि कांग्रेस की मीटिंग में पार्टी के बड़े नेता शामिल होंगे। मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी भी मीटिंग में आ सकते हैं। सोनिया गांधी इस मीटिंग की अध्यक्षता करेंगी। यह मीटिंग उनके घर, 10 जनपथ पर होगी। विपक्षी दल संसद में कुछ मुद्दों को उठाने की तैयारी कर रहे हैं। वे चुनाव आयोग के एक फैसले पर सवाल उठा सकते हैं। यह फैसला बिहार में वोटर लिस्ट को दोबारा जांचने से जुड़ा है। कांग्रेस पार्टी चाहती है कि संसद में कुछ खास घटनाओं पर चर्चा हो। इनमें पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर शामिल हैं। इसके साथ ही, कांग्रेस चाहती है कि सरकार बताए कि उसने इन घटनाओं के बाद दूसरे देशों से कैसे बात की। विपक्षी दल 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बहस चाहते हैं। यह ऑपरेशन भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर किया था। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी। विपक्षी पार्टियां सरकार से यह भी जानना चाहती हैं कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने का दावा क्यों किया था। ट्रम्प ने कहा था कि उन्होंने दोनों देशों के बीच परमाणु युद्ध को टालने के लिए मध्यस्थता की थी। हालांकि सरकार ने ट्रम्प के दावों को गलत बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने ट्रम्प को फोन करके कहा था कि भारत ने कभी भी मध्यस्थता स्वीकार नहीं की है और भविष्य में भी नहीं करेगा। मॉनसून सरकार ने बताया है कि संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। यह 21 अगस्त तक चलेगा। पहले यह सत्र 12 अगस्त को खत्म होने वाला था लेकिन अब इसे एक हफ्ता बढ़ा दिया गया है। सरकार कई जरूरी कानून पास कराना चाहती है। सरकार एक ऐसा कानून लाना चाहती है जिससे प्राइवेट कंपनियां भी परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में काम कर सकें। सरकार सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट और एटॉमिक एनर्जी एक्ट में बदलाव करने की योजना बना रही है।

## केरल के सीबीएसई स्कूलों में पद पूजा अनुष्ठान पर विवाद

- गुरु पूर्णिमा पर रिटायर्ड टीचर के पैर धुलवाए,मंत्री बोले-यह निंदनीय, लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने राज्य के दो सीबीएसई स्कूलों में गुरु पूर्णिमा पर स्टूडेंट से सेवानिवृत्त शिक्षकों के पैर धुलवाने को निंदनीय और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया।



उन्होंने कहा कि इस पर स्कूल प्रबंधन से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी घटनाओं को गंभीरता से ले रही है। शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को जागरुक और प्रगतिशील बनाना है। इस तरह की गतिविधियां हमारी शिक्षा प्रणाली के मूल उद्देश्यों को कमजोर करती हैं। दरअसल कुछ रिपोर्ट्स में बताया गया कि गुरु पूर्णिमा पर कासरगोड और मावेलिक्कारा में भारतीय विद्यानिकेतन प्रबंधन के दो स्कूलों में पद पूजा (पैर धोने) का अनुष्ठान हुआ था।

## पुलिस ने करणी सेना पर भांजी लाठी, दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

- हरदा में थाने के सामने कर रहे थे प्रदर्शन, एसआई को दी धमकी-वर्दी उतारकर आना

**भोपाल।** हरदा में थाने के सामने प्रदर्शन कर रहे करणी सेना के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर खदेड़ा। कार्यकर्ता पुलिस पर आरोपी से रुपए लेकर मनमानी कार्रवाई के आरोप लगाते हुए नारेबाजी कर रहे थे। पुलिस को हालात काबू करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुनील राजपूत ने मौके पर मौजूद एसआई अनिल गुजर को धमकी दी। उन्होंने कहा कि वर्दी उतारकर आ जाना, यहां माहौल बिगड़ा तो इसकी जिम्मेदारी पुलिस की होगी। पुलिस ने इस मामले में करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुनील राजपूत, आशीष राजपूत, शुभम और रोहित के खिलाफ बीएनएस की धारा 170 के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से चारों को जेल भेजा गया। सिटी कोतवाली थाना टीआई प्रह्लाद सिंह मर्सकोले ने बताया कि अक्टूबर 2024 के धोखाधड़ी के एक मामले में




पुलिस को शनिवार को कोर्ट में चालान पेश करना था। इसके लिए पुलिस आरोपी मोहित को इंदौर से लेकर आई थी। शाम को करीब 40 कार्यकर्ता थाने पहुंच गए। उनका कहना था कि आरोपी को उनके हवाले कर दिया जाए। इसके बाद पुलिस को हल्का बलप्रयोग करना पड़ा। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक गांव की है, जहां आशीष राजपूत नाम के युवक ने तीन लोग विकास लोधी, मोहित वर्मा और उमेश तपानिया पर 18 लाख के हीरे की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था।

## 'मराठी नहीं बोलूंगा', महाराष्ट्र में भाषा को लेकर फिर बवाल

- ऑटो ड्राइवर के साथ एमएनएस-शिवसेना कार्यकर्ताओं ने की मारपीट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार इलाके में हिन्दी बोलने वाले एक ऑटो ड्राइवर के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। इस घटना के पीछे की वजह सिर्फ यह थी कि ऑटो चालक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कहा था- मैं हिन्दी बोलूंगा। शख्स का वीडियो वायरल होने के बाद शिवसेना (उद्धव गुट) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने मिलकर उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया।



दरअसल, कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति भावेश पडोलिया और एक ऑटो रिक्शा चालक के बीच बहस हो गई थी। जब भावेश ने ऑटो चालक से पूछा कि वह मराठी में बात क्यों नहीं कर रहा है, तो चालक ने कहा, मैं हिन्दी बोलूंगा, भोजपुरी बोलूंगा, मराठी नहीं।

## एमपी में सरकारी इंजीनियर अब पढ़ेंगे कंस्ट्रक्शन के नियम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के भोपाल में निर्मित 90 डिग्री टर्न वाला रेलवे ओवरब्रिज देश भर में सुर्खियां बंटोर रहा है। इंदौर में भी जेड आकार का ब्रिज तैयार हो रहा है। हाल ही में प्रदेश में कई जगहों से सड़क, पुल, भवनों के निर्माण में ऐसी गड़बड़ियां सामने आई हैं। इसके चलते अब लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों को कंस्ट्रक्शन वर्क के रूल्स पढ़ने होंगे।

- भोपाल के 90 डिग्री ओवरब्रिज के बाद पीडब्ल्यूडी कराएगा एग्जाम,रिजल्ट देखकर होगी फील्ड पोस्टिंग



उन्हें नई तकनीकों की स्टडी कराई जाएगी। विभागीय परीक्षा भी पास करना पड़ेगी। इस परीक्षा में मिले नंबरों के आधार पर फील्ड में पोस्टिंग दी जाएगी और जवाबदारी के काम सौंपे जाएंगे। 15 अगस्त के बाद आयोजित होने वाली परीक्षा में कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री और उपयंत्री स्तर के इंजीनियर्स शामिल होंगे। जबकि चीफ इंजीनियर और सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर को सिर्फ स्टडी करनी होगी। दरअसल, पीडब्ल्यूडी ने भवन, सड़क और पुल बनाने के मामले में मापदंडों का पालन नहीं किए जाने पर इंजीनियरों पर सख्ती की तैयारी की है। विभाग के प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह ने एक निर्देश जारी कर कहा है कि प्रदेश में कई स्थानों पर भवन, सड़क और पुल बनाने का काम किया जा रहा है। इसकी क्वालिटी में गड़बड़ी न हो और निर्माण कार्य का टिकाऊपन (ड्यूरेबिलिटी) बना रहना चाहिए। सुरक्षा मानकों का पालन पूरी तरह से होना जरूरी है। जारी निर्देश में कहा है कि इंडियन रोड कांग्रेस और नेशनल बिल्डिंग कोड के साथ भारतीय मानक कोड के आधार पर काम करना होगा। विभाग के सब इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को मानकों का दोबारा और अच्छे से अध्ययन करना होगा।

## एमपी के हनुवंतिया टापू में फिर गूंजेगा जल महोत्सव

- नवंबर-दिसंबर में हो सकता आयोजन,टेंट सिटी के लिए टेंडर जारी, पिछले साल नहीं हुआ था आयोजन

**भोपाल।** इंदिरा सागर बांध के बैकवाटर में बसे पर्यटन स्थल हनुवंतिया में जल महोत्सव-2025 के आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। मप्र टूरिज्म बोर्ड ने टेंट सिटी संचालन के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह महोत्सव नवंबर-दिसंबर से शुरू होकर दो महीने तक चल सकता है। पर्यटन बोर्ड ने बताया कि जल महोत्सव के लिए चयनित एजेंसी टेंट सिटी का संचालन, संधारण और प्रबंधन करेगी। 4 अगस्त तक आवेदन लिए जाएंगे, इसके बाद टेंडर खोला जाएगा। टूरिज्म बोर्ड, भोपाल के सचिव अंकित कौरव ने पुष्टि करते हुए बताया कि हनुवंतिया में जल महोत्सव-2025 की योजना है। आयोजन टेंट सिटी टेंडर पर निर्भर करेगा। बता दें कि बजट के अभाव के चलते साल 2024 में यह महोत्सव नहीं हो सका था। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में इसकी शुरुआत हुई थी। हनुवंतिया को मिनी गोवा की तरह विकसित किया गया है, जहां देश-प्रदेश से पर्यटक जल महोत्सव के दौरान पहुंचते हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए जिला स्तरीय बैठक आयोजित



**बैतूल (निप्र)।** स्वास्थ्य सेवाए भोपाल संभाग भोपाल क्षेत्रीय संचालक डॉ नीरा चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि बैठक में सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक से अधिक जन सामान्य तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

डॉ.नीरा चौधरी ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सभी सेवाएं समय पर दें एवं प्रत्येक मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु समीक्षा राज्य से दिए गए निर्देशानुसार एवं उचित प्रपत्र में जानकारी समय पर प्रेषित करें। समस्त ए.एन.सी. माताओं को छः एएनसी (सामान्य माताओ) की सेवाएं एवं हाई रिस्क गर्भवती माताओं को (आठ) ए.एन.सी. की सेवायें आवश्यक रूप से प्रदान करें। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत दिशा निर्देशानुसार समस्त हाईरिस्क गर्भवती माताओं को संस्था में जांच एवं आवश्यक रेफरल किया जाकर दी गई सेवाओं की जानकारी पीएमएसएमए पोर्टल में दर्ज की जाए। एचआरआई शिशु का चिन्हांकन कर रेफरल किया जाकर आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिये। डॉ नीरा चौधरी ने टीकाकरण का प्रतिशत कम पाए जाने पर कम से कम 95 प्रतिशत हासिल करने एवं समस्त हितग्राहियों को फोर की मैसेज देना सुनिश्चित करें।

समस्त विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी अपने अधीनस्थ चिकित्सा अधिकारियों को सीडीआर अंतर्गत वर्बल अटॉप्सी 03 दिवस में शत प्रतिशत किया जाकर जिला टीकाकरण अधिकारी जिला बैतूल को सूचना प्रदान करें। प्रत्येक माह खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु की समीक्षा बैठक अनिवार्य रूप से करते हुए कार्यवाही विवरण जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शिशु एवं मातृ मृत्यु का एक मुख्य कारण एनीमिया है जिसको कम करने के लिए जिले के स्कूल विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संयुक्त रूप से कार्ययोजना बनाकर कार्यक्रम में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करें। लक्ष्य अनुरूप आंगनवाड़ी एवं स्कूल में आवश्यक आयरन सिरप एवं आयरन की गोली उपलब्ध कराकर प्रतिमाह रिपोर्ट प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्रानुसार जिला कार्यालय में गुगलशीट पर इंन्द्राज किया जाए। एचबीएनसी अंतर्गत नवजात शिशु एवं माता की घर पर देखभाल के लिए आशा, ए.एन.एम. एवं सीएचओ द्वारा निर्धारित विजिट अनिवार्य रूप से की जाए, जिससे शिशु मृत्यु को कम किया जा सके। जिले में ऐसी गर्भवती माताएं जो कि 18 वर्ष से कम हो उनके डाटा का संधारण संस्था पर किया जाकर उन्हें समस्त प्रकार की स्वास्थ्य सेवाए मुहैया की जाए। ए.आर.वी एवं स्नेक बाइक वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को वैक्सीन उपयोग करने का प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें। जन सामान्य को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की समस्त जानकारी निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन पोर्टल/एप पर दर्ज करते हुए संस्था स्तर पर संधारित किए जाने के निर्देश दिये। संस्था में आने वाले मरीजों को आवश्यक उपचार प्रदान करें एवं स्टेबलाइस करके एवं चिकित्सकीय नोट सही तरीके से डालकर ही हायर सेंटर पर रेफर पर रेफर करें।

सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि संस्था में आने वाले सभी हितग्राहियों एवं मरीजों से शालीनता पूर्वक व्यवहार करें एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिये आपके अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित करें। स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक से अधिक हितग्राहियों तक सुगमता पूर्वक पहुंचाने के लिए अन्य सभी विभागों से समन्वय स्थापित करने के लिये निर्देश दिये। बैठक में सिविल सर्जन, आरएमओ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम, डीसीएम, जिला एमएण्डईओ एवं बीपीएम मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक श्री टंडन ने गुरुओं का जीवन में क्या महत्व है पर प्रकाश डाला

**विदिशा (निप्र)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम का शुभारंभ विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन, विद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीप्ति शुक्ला के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात छात्रों के द्वारा मुख्य अतिथि एवं विद्यालय परिवार के गुरुजनों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। गुरु वंदना की प्रस्तुति संगीत शिक्षक श्री ओमप्रकाश चैबे के निर्देशन में छात्राओं के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि विधायक श्री मुकेश टंडन ने छात्राओं को गुरुओं की महिमा के बारे में विस्तार से बताया और गुरु का जीवन में महत्व समझाया। स्वागत उद्बोधन विद्यालय प्राचार्य डॉ. दीप्ति शुक्ला के दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आभा पाराशर ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। आभार विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री सौदान सिंह सूर्य वंशी द्वारा किया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि पीएम विश्वकर्म योजना अंतर्गत जिले में अब तक 1712 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 794 प्रकरण स्वीकृत कर दिए गए हैं और 680 प्रकरणों में वितरण कार्यों को पूरा किया गया है इनमें से 580 आवेदन निरस्त भी किए गए हैं जबकि 338 आवेदन लंबित हैं। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत भौतिक लक्ष्य 240 के विरुद्ध 54 प्रकरण प्रेषित किए गए हैं जिनमें से विभिन्न बैंकों द्वारा 41 प्रकरण स्वीकृत कर दिए गए हैं और 33 प्रकरणों में ऋण राशि भी जारी कर दी गई है। जबकि 13 प्रकरण अब भी लंबित हैं की जानकारियां डीएलसीसी की बैठक में प्रदर्शित की गई थी।

### समीक्षा बैठको की तैयारियों का जायजा

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने शनिवार को आयोजित दिशा और जिला योजना समिति की बैठक की एजेण्डा बिन्दुओं के संबंध में की गई तैयारियों का आज जायजा लिया है। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर समेत विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहें। गौरतलब हो कि ऐजेण्डा में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित विभागो के कार्यो को प्रेजेन्टेशन की तैयारियों का जायजा कलेक्टर के द्वारा बुधवार को लिया गया था जबकि आज गुरूवार को निर्माण कार्यो के संबंध में सम्मिलित बिन्दुओ के क्रियान्वयन और पीपीटी की तैयारियों की समीक्षा की गई है।

### पीएचई विभाग द्वारा कराया ग्राम बिजौरा में हैंडपंप का सुधार कार्य

**सीहोर (निप्र)।** गत दिवस एक न्यूज चैनल पर सीहोर जनपद के ग्राम बिजौरा के शासकीय माध्यमिक शाला स्थित हैंडपंप के खराब होने की खबर प्रसारित की गई थी। इसकी सूचना के पश्चात पीएचई विभाग द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए हैंडपंप में सुधार कार्य कराया गया है। ग्राम के प्रभारी उपयंत्री एवं विभाग के मैदानी अमले द्वारा ग्राम बिजौरा में संचालित शासकीय माध्यमिक शाला पहुंचकर खराब हैण्डपम्प का सही किया गया है और यह हैंडपंप अब चालू है।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता शिविर सम्पन्न

**हरदा (निप्र)।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बुधवार को महिला सशक्तिकरण कार्यालय हरदा में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में बाल विवाह रोकथाम संबंधी नियमों व कानूनों तथा पाक्सों एक्ट के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली निःशुल्क सेवाओं, महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, चाईल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, साइबर हेल्पलाइन नम्बर व सीएम हेल्पलाइन 181 के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित महिलाओं को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करने के लिये प्रेरित भी किया गया। शिविर में परियोजना अधिकारी श्रीमती सीमा जैन, सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती निकहत खान सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व महिलाएं उपस्थित थी।

### "युवा संगम" रोजगार मेले में 86 युवाओं का प्राथमिक चयन हुआ

**हरदा (निप्र)।** शासकीय आई टी आई हरदा में गुरूवार को युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 165 बेरोजगार आवेदक ने अपना पंजीयन कराया। मेले में 6 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर कुल 86 बेरोजगार आवेदकों का प्राथमिक चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किये। कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा आयोजित इस युवा संगम कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के दल ने 58 युवाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां वितरित की।

## मांसाहार खाद्य दुकानों का निरीक्षण कर नमूने लिए

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता का निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, नगरपालिका और पशुपालन विभाग के संयुक्त दल ने आज विदिशा नगरी क्षेत्र के खाई रोड स्थित मांसाहारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई पन्ना, श्री नगर पालिका से श्री विजय वाघमारे, पशुचिकित्सक श्री आर बी बघेल के द्वारा सभी मांसाहारी खाद्य कारोबारकर्ताओं को साफ-सफाई के संबंध में सख्त निर्देश दिए गए एवं प्रतिष्ठानों में मेट लगाना, कूड़ेदान को ढंक कर रखने और बचे हुए अवशेष को समय पर नष्ट करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### पनीर, गार्लिक चाइनीज का सैंपल भी लिया

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई पन्ना द्वारा 09 जुलाई को डोमिनोज पिज्जा से भी खाद्य पदार्थ पनीर, गार्लिक चाइनीज का नमूना जांच हेतु एकत्रित किया गया है तथा 10 जुलाई 25 को खाई रोड स्थित दावत रेस्टोरेंट से चिकन करी, चिकन बिरयानी के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। एकत्रित किए गए उक्त सभघ नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

## डेंगू जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया




**विदिशा (निप्र)।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय जिला चिकित्सालय में आज विधायक श्री मुकेश टंडन कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता, अटल बिहारी वाजपेयी मेडीकल कालेज के डीन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा डेंगू निरोधक माह अंतर्गत डेंगू जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। डेंगू जागरूकता रथ का उद्देश्य डेंगू रोग के फैलने के कारण, लक्षण एवं बचाव के संबंध में जन जागरूकता लाकर डेंगू से होने वाली गंभीरता को रोकना है। यह डेंगू जागरूकता रथ विदिशा जिले के सभी विकासखण्डों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू से बचाव एवं आवश्क सावधानी को रखने हेतु प्रचार-प्रसार का कार्य करेगा। इस अवसर पर सिविल सर्जन सह अधीक्षक, डीएचओ 1, 2, 3, जिला मलेरिया अधिकारी एवं समस्त स्वास्थ्य विभाग अधिकारीध् कर्मचारी, नर्सिंग कालेज की छात्राये एवं एम्बेड के सदस्य उपस्थित रहे।

### डेंगू के लक्षण

जैसे कमजोरी, तेज बुखार, सिर व हाथ पैर में दर्द जैसे लक्षण हो सकते हैं। इसके पश्चात् मरीज को शरीर, आंखों में रक्त के चकत्ते दिखना या नाक, मसूड़े, या अन्य स्थान से रक्तस्राव होने व उल्टी के लक्षण दिखायी देते है। उपचार में विलम्ब से बीमारी की गंभीरता में मरीज को चक्कर आना, मूर्छित होना, या शॉक में चले जाने की स्थिति बन सकती हैं। अतः उक्त लक्षण होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या चिकित्सक से परामर्श लेकर उचित उपचार लेना चाहिये।

### डेंगू से बचाव

अपने घर व आसपास अनावश्यक पानी जमा नहीं होने दें। व खुली टंकियों को ढक कर रखें। अनावश्यक कबाड़ का सामान नष्ट करें। या उनमें पानी इकठा न होने दें। सप्ताह में एक बार आवश्यक रूप से टंकी, मटके, कूलर व अन्य उपयोगी जलपात्रों में भरा पानी बदले। व जिन अनुपयोगी जलपात्रों का नहीं बदल सकते उनमें मिट्टी का तेलध्खाने का तेलध्गांड़ियों से निकला ऑयल डालने से मच्छर के लार्वा व प्यूपा नष्ट हो जाते हैं।

### उपचार

जिले में डेंगू एवं चिकिनगुनिया की जॉच जिला चिकित्सालय विदिषा एवं शासकीय अटल बिहारी वाजपेयी मेडीकल कालेज में पूर्णतः निःशुल्क की जाती है। जॉच में डेंगू की पुष्टि होने पर मरीज को पूर्ण उपचार के साथ फलो का रस, नारियल पानी, दाल का पानी, ओ.आर.एस. का घोल व पानी पर्याप्त मात्रा में पीने से शीघ्र लाभ मिलता हैं।



## कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास और निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा

**रायसेन (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने ग्राम पंचायतों में संचालित निर्माण और विकास कार्यो, शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण कराएं। साथ ही शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर ग्रामीणों तक सुगमता से योजनाओं का लाभ पहुचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, अमृत सरोवर, आयुष्मान भारत, स्वरोजगार योजनाओं का क्रियान्वयन, स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित की जा रहीं आजीविका गतिविधियों तथा बैंक लिंकेज, विभिन्न योजनाओं तथा निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित विभागों के जिला अधिकारी, जनपद सीईओ, उपयंत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नर्मदापुरम की मुनमुन सिंह के सपनों को मिली उड़ान संत रविदास योजना बनी वरदान

**नर्मदापुरम (निप्र)।** नर्मदापुरम जिले की नारी शक्ति अब हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है। जिले की निवासी श्रीमती मुनमुन सिंह ने संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत 10 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर अपने सपनों को साकार किया है। योजना से प्राप्त राशि एवं शासन द्वारा प्रदत्त अनुदान की सहायता से श्रीमती सिंह ने समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं की एजेंसी का व्यवसाय प्रारंभ कर न केवल स्वयं को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार का अवसर प्रदान किया है। श्रीमती मुनमुन सिंह ने रोजगारोन्मुखी योजना के तहत मिले लाभ के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके जैसे कई परिवारों के लिए आर्थिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में एक मजबूत कदम है। जिले में महिलाओं द्वारा स्वरोजगार स्थापित कर अन्य लोगों को रोजगार देना समाज में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। जिला प्रशासन द्वारा भी अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को इस योजना का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जा रही है।



## युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का सफल आयोजन, 104 युवाओं को मिला रोजगार व स्वरोजगार का लाभ




**नर्मदापुरम (निप्र)।** शासकीय नर्मदा स्नाकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का सफल आयोजन हुआ। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर एवं सिटी मजिस्ट्रेट विजेंद्र रावत द्वारा दीप प्रज्वलन सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा ऋण वितरण एवं ऑफर लेटर वितरण किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में बच्चों को रोजगार के लिए प्रेरित किया बच्चों को को मार्गदर्शन दिया गया। जिला रोजगार कार्यालय अधिकारी डॉक्टर ए वी खान खान एवं जिला रोजगार प्लेसमेंट श्री धर्मेश तिवारी उपस्थित रहे। श्री धर्मेश तिवारी के कुशल नेतृत्व में संपूर्ण रोजगार मेले की व्यवस्था संपन्न हुई। कार्यक्रम महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग अधिकारी श्री प्रकास कुमार इंदौरे एवं आर डी बघेला सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया अधिकारी कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहे। इसमें 17 निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने वाली कंपनी एवं स्वरोजगार दिलाने वाले 8 विभाग उपस्थित रहे जिनमें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 470 हुए उनमें से मेला में कुल उपस्थित छात्र-छात्राएं 134 रहे जिसमें से 93 को प्राथमिकता स्तर पर चयनित किया गया एवं स्वरोजगार योजना के तहत 11लोगों को लाभान्वित किया गया कुल 104 छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में किया आवास अनुदान का वितरण, बैतूल के 130 हितग्राही लाभान्वित

बैतूल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत प्रदेश के 60 हजार से अधिक हितग्राहियों को एक क्लिक के माध्यम से 1,513.53 करोड़ रुपये की अनुदान राशि का भी वितरण किया। इसी के अंतर्गत बैतूल जिले में भी कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका के बाल सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, उपाध्यक्ष श्री महेश राठौर, सभापति श्री नितेश परिहार, वरिष्ठ पार्षद श्री रघुनाथ लोखंडे, पार्षद श्रीमती सोमती धुर्वे, श्री अशोक नागले, एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सतीश मत्सानिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बैतूल नगर पालिका अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत चयनित पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। इसके साथ ही बैतूल में निर्मित बारह आवासों में विधिवत गृह प्रवेश भी संपन्न हुआ।उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 130 पात्र हितग्राही है।

## क्षतिग्रस्त सड़कों की नियमित रूप से मरम्मत सुनिश्चित करें संबंधित निर्माण विभाग : कलेक्टर

### बांधो से छोड़े जाने वाले पानी का स्मार्ट प्रबंधन किया जाए जिससे संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटा जा सके कलेक्टर ने की अतिवृष्टी एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन की समीक्षा



**नर्मदापुरम (निप्र)।** जिले में लगातार हो रही अतिवृष्टि को दृष्टीगत रखते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जर्जर भवनों एवं संरचनाओं को चिन्हित कर एक सप्ताह में तोड़ने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने अब तक हुई कार्यवाहियों से असंतोष व्यक्त करते हुए सख्त रूप से निर्देश दिए कि आगामी एक सप्ताह के अंदर शेष बचे हुए भवनों को भी चिन्हित करें। उन्होने कहा कि चिन्हित सभी जर्जर भवनों का परीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जाए कि कितने भवन पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं और तत्काल तोड़े जाने योग्य हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन सहित अन्य शासकीय एवं अशासकीय जर्जर भवनों को चिन्हित कर एक सप्ताह में कार्रवाई पूर्ण की जाए।कलेक्टर ने पी.ओ. डूडा को निर्देशित किया कि नगर पालिका अमले के माध्यम से सभी अवैध व जर्जर संरचनाओं को डिस्मेंटल किया जाए एवं पुनर्वास केंद्रों की स्थिति का निरंतर निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागों के आपसी समन्वय की कमी से कार्यों में शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**सड़कों की मरम्मत और पुल-पुलियों पर निगरानी के निर्देश :** कलेक्टर ने जिले की सड़कों की मरम्मत नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों से सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें मिल रही हैं, वहां तत्काल मरम्मतीकरण सुनिश्चित किया जाए। पीएमजीएसवाय को माखननगर क्षेत्र से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अतिवृष्टि के दौरान पुल-पुलियों पर पानी के ओवरफ्लो की स्थिति में आवागमन को रोकने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं।

**बांध प्रबंधन एवं संभावित बाढ़ से सतर्क रहने के निर्देश :** कलेक्टर ने ईई जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए कि नर्मदा नदी पर बने दोनों प्रमुख बांधों के संचालन विभागों से सतत संपर्क बनाए रखा जाए तथा नदी में छोड़े जाने वाले पानी का स्मार्ट प्रबंधन किया जाए ताकि संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटा जा सके। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि वर्षा जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए तथा डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम के लिए दवाइयों का छिड़काव करवाया जाए। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाइयों का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने एमपीईबी को निर्देशित किया कि बाढ़ एवं अतिवृष्टि के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में तत्काल आपूर्ति बहाल की जाए तथा करंट से होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जाए।

**अनुपालन रिपोर्ट दो दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश :** कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिन विभागों द्वारा निर्देशों के परिपालन में कार्यवाही नहीं की गई है तथा अधिकतम जानकारी जिला कार्यालय को प्रस्तुत नहीं की गई है उन अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुसार अनुपालन रिपोर्ट भी दो दिवसों में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### सुश्री दीक्षा भगोरे को मिला एस डी एम पंधाना का प्रभार

खण्डवा (निप्र)। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री दीक्षा भगोरे को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पंधाना का प्रभार सौंपा है। सुश्री भगोरे ने एस डी एम पंधाना के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के द्वारा श्री महाकालेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया गया

उज्जैन (निप्र)। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा के द्वारा शुक्रवार को श्रावण मास के अंतर्गत श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए आने वाले कांवड़ यात्रियों और श्रध्दालुओं के लिए की गई दर्शन व्यवस्था और प्रवेश तथा निर्गम व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए।

### परिवहन विभाग ने कार्रवाई कर बिना पीयूसी, परमिट चल रहे 11 वाहनों से 60 हजार रुपए का राजस्व वसूला



देवास (निप्र)। कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा जिले में बिना परमिट, बिना पीयूसी चल रहे वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान ने जांच दल के साथ देवास शहर एवं अन्य मार्गों पर जांच अभियान चलाया। जांच अभियान बिना पीयूसी ( प्रदूषण कार्ड ) के चल रहे 10 वाहन मिले, जिन पर मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 50 हजार की चालानी कार्यवाही की गई। जांच के दौरान एक यात्री बस बिना परमिट पर सवारी ले जाते पाई गई, जिस पर परमिट शर्तों के उल्लंघन पर 10 हजार रुपए की चालानी की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि जांच दल द्वारा लगातार स्कूल वाहनों एवं अन्य वाहनों की जांचकर चालानी कार्यवाही की जा रही है। बिना परमिट, पीयूसी, फिटनेस, ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है एवं जिन वाहनों के दस्तावेज पूर्ण नहीं पाए जा रहे है, उन्हें जप्त कर दस्तावेज ठीक करवाए जा रहे हैं। जांच दल में अभिजीत गहलोत, सिपाही सरफराज खान, बाबूलाल देवड़ा, भगत सिंह, शाकिर खान, नीलेश साल्वे अन्य संबंधित शामिल थे।

### चिया सीड की खेती से जिले के किसान श्री महेंद्र सिंह को कमा रहे हैं अच्छा मुनाफा

देवास (निप्र)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खेती में उत्पादन बढ़ाने एवं किसानों की आय बढ़ाने के लिए किसान हितैषी कई योजनाएं एवं अभियान चला रहे हैं। इन योजनाओं एवं अभियानों के माध्यम से कृषकगण आधुनिक पद्धति से खेती कर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार पर कृषि विभाग, आत्मा एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को खेती के नए-नए तरीके बताकर खेती करने की सीख दे रहे हैं। कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा चिया सीड की फसल के बारे में जानकारी दी जा रही है तथा कृषकगण जानकारी प्राप्त कर चिया सीड का उत्पादन कर रहे हैं। जिले के किसान चिया सीड का उत्पादन कर अच्छा मुनाफा अर्जित कर रहे हैं। इन्हीं किसानों में देवास विकासखंड के ग्राम अखेपुर के कृषक श्री महेंद्रसिंह पिता श्री बाबुलाल सिंह हैं। कृषक श्री महेन्द्रसिंह ने बताया कि उन्होंने खेती के क्षेत्र में नवाचार किया है। उन्होंने बताया कि आत्मा योजना अंतर्गत नवाचार घटक में प्राप्त चिया सीड को 01 एकड़ खेत में लगाया था जो की हमारे क्षेत्र के लिये बिल्कुल नई फसल हमारे क्षेत्र में यह फसल नहीं होती है। वे बताते हैं कि यह नवाचार आत्मा योजना के माध्यम से किया गया। उन्होंने बताया कि एक एकड़ में चिया सीड़ उत्पादन किया। एक एकड़ में 4.60 क्विंटल का उत्पादन हुआ तथा मंडी में 14 हजार रुपए क्विंटल के हिसाब से बिका। इसके उत्पादन में कुल लागत 7500 रुपए आई है, जिसमें 64400 रुपए की आय हुई। उन्होंने बताया कि कम लागत में चिया सीड से उन्हें पम्परागत फसल जैसे गेहूं, चना के उत्पादन से अधिक प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि से वे तथा उनका परिवार बहुत खुश हैं। वे शासन के इस नवाचार घटक के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को हृदय से धन्यवाद दे रहे हैं।

### जिले में एक जनपद पंचायत सदस्य, चार सरपंच एवं तीन पंच पदों के लिए 22 जुलाई को होगा उप निर्वाचन

देवास (निप्र)। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 के लिये घोषित कार्यक्रम अनुसार पंचायत उप निर्वाचन के लिये मतदान 22 जुलाई को होगा। जिले में एक जनपद पंचायत सदस्य, चार सरपंच एवं तीन पंच पदों के लिए उप निर्वाचन होना है। उप निर्वाचन के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण देकर उनके दायित्वों के संबंध में जानकारी दी गई। पंचायत उप निर्वाचन में पंच पद के लिये 22 जुलाई को मतदान केन्द्र पर ही मतदान समाप्ति के तुरंत बाद ही मतगणना होगी। सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य की विकासखंड मुख्यालय पर मतगणना होगी एवं परिणाम की घोषणा 26 जुलाई को सुबह 8 बजे से होगी। पंच पद की मतदान केन्द्र पर की गई मतगणना का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा 29 जुलाई को होगी। उल्लेखनीय है कि जिले में जनपद पंचायत देवास में जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 01 में उप निर्वाचन, जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत गदईशापिपल्या में सरपंच पद के लिए उप निर्वाचन, जनपद पंचायत बागली की ग्राम पंचायत मेंडिया एवं पीपरी में सरपंच पद के लिए उप निर्वाचन तथा जनपद पंचायत कन्नौद की ग्राम पंचायत कुसमानिया में सरपंच पद के लिए उप निर्वाचन होना है। जनपद पंचायत देवास अंतर्गत पंच पद के लिए ग्राम पंचायत पर्वतपुरा वार्ड क्रमांक-7, ग्राम पंचायत मिर्जापुर वार्ड क्रमांक-9 तथा जनपद पंचायत टोंकखुर्द में पंच पद के लिए ग्राम पंचायत पिपल्या सडक वार्ड क्रमांक-4 में उप निर्वाचन होना है।

# विद्यार्थी सिर्फ अपनी पढ़ाई की चिंता करें, उनके उज्जवल भविष्य की चिंता सरकार कर रही है

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इंदौर में विद्यार्थियों को पुस्तिकाएं वितरित की



इन्दौर (निप्र)। विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ें, और सिर्फ अपनी पढ़ाई की ही चिंता करें। विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स परिसर में हिंद रक्षक संगठन द्वारा आयोजित पुण्योदय प्रकल्प कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए आयोजित पुस्तिका वितरण कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों से कही। इस अवसर पर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, विधायक श्री गोलू शुक्ला, इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को पुस्तिकाएं वितरित की।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए बहुत सी योजनाएं प्रारंभ की हैं। सरकार की योजनाओं की मदद से गरीब से गरीब विद्यार्थी भी अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकता है। वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने तक की सुविधा प्रदेश सरकार ने उपलब्ध कराई है। उन्होंने कहा कि हायर सेकेंडरी परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले हजारों मेधावी विद्यार्थियों को सरकार हर साल लैपटॉप वितरित कर रही है। स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली विद्यार्थियों को स्कूटी वाहन वितरित किए जा रहे हैं। गांव के बच्चों को स्कूल जाने के लिए निशुल्क साइकिलें वितरित की जा रही हैं। हर साल लगभग 5 लाख साइकिलें विद्यार्थियों को निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्कूली विद्यार्थियों को निशुल्क गणवेश और निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की योजना भी सरकार ने शुरू की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 2003 में प्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज ही थे, जो कि अब बढ़कर 37 हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई के लिए गरीब मेधावी विद्यार्थियों की फीस सरकार भर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश में सरकार ने सर्व सुविधा युक्त सांदीपनि स्कूल शुरू किए हैं, जिनमें विद्यार्थियों को उत्कृष्ट स्तर की शिक्षा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश सक्षम, सशक्त और सबल बना है। वर्ष 2047 तक भारत विश्व में सर्वाधिक विकसित देश बने, इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर पूर्व मंत्री स्व. श्री लक्ष्मण सिंह गौड़ का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज सेवा के क्षेत्र में बहुत से उल्लेखनीय कार्य किये। विद्यार्थियों को निशुल्क कॉपियां वितरण का कार्य भी उन्हीं में से एक है। उन्होंने कहा कि इंदौर में हर वर्ष रंगपंचमी मनाने का अपना अलग आनंद होता है। इस आयोजन की शुरुआत भी पूर्व मंत्री स्व. श्री लक्ष्मण सिंह गोंड ने ही की थी।

इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजक हिंद रक्षक संगठन के संयोजक श्री एकलव्य लक्ष्मण सिंह गौड ने अपने स्वागत उद्बोधन में पुण्योदय प्रकल्प के बारे में बताते हुए कहा कि वर्ष 2003 से इंदौर शहर के लगभग 300 समाजसेवी परिवार मिलकर हर वर्ष साढे तीन लाख से अधिक कॉपियां विद्यार्थियों को मात्र एक रुपए के सांकेतिक शुल्क पर वितरित करते हैं। उन्होंने इस कार्य में भागीदारी करने वाले सभी परिवारों के प्रति आभार प्रकट किया।

## विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया

उज्जैन (निप्र)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस अवसर पर जिला चिकित्सालय उज्जैन (चरक भवन) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ डॉ. संगीता पलसानिया, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा किया गया।

गतिविधि के दौरान गर्भवती महिलाओं समस्त दंपतियों एवं अस्पताल में आने वाले हितग्राहियों को परिवार नियोजन के बारे में बताया गया साथ ही जानकारी साझा की जनसंख्या जो आज वर्तमान में है ये जनसंख्या 2030 में होनी थी, इससे ज्ञात होता है कि जनसंख्या कितनी तेजी से बढ़ रही है व बताया गया की आगामी दिवसों मे जिला चिकित्सालय उज्जैन व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार हेतु स्लोगन, रंगोली, रैली, नुक्कड़ नाटक की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के दौरान आर.एम.ओ. जिला चिकित्सालय डॉ. चिन्मय चिन्चौलीकर एवं अस्पताल प्रबंधक वर्षा चौहान समस्त चिकित्सक, स्टाफ, काउंसलर, एवं मरीजों के परिजन उपस्थित रहे। जनसंख्या दिवस अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की जानी है।परिवार नियोजन का व्यापक प्रचारः परिवार नियोजन के महत्व को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रचार किया जाएगा।

# हमारी कार्य करने की क्षमता को बढ़ाता है, अल्पविराम : डॉ. प्रवीण जोशी



उज्जैन (निप्र)। भौतिक संसाधनो के लिए अनावश्यक तनाव नहीं लें, शांत समय में अंतर्रात्मा की आवाज से जीवन को आनंदमय बनाए तथा नियमित और अपने तरीके से अल्पविराम करते रहे क्योंकि हमारे कार्य करने की क्षमता को बढ़ाता है, अल्पविराम। उक्त विचार राज्य आनंद संस्थान भोपाल द्वारा आयोजित एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला आनंदग्राम पंचायत ढेंडिया में जिला समन्वयक डॉ. प्रवीण जोशी ने प्रस्तुत किए।

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर उन्होंने आनंदग्राम के नागरिकों और छात्र-छात्राओं को तनावमुक्त जीवन शैली में पढ़ाई की विभिन्न विधाओं के तहत बताया। आनंदग्राम की सरपंच श्रीमती सावित्री नरेंद्र पोरवाल के मुख्य आतिथ्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

आनंदम सहयोगी डॉ. सुमन जैन ने आनंद संस्थान और खुशी के टूल्स का विस्तार से परिचय दिया। सत्र शुरूआत में स्वयं के आनंद और तनाव मुक्त जीवन जीने तथा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने के लिए विधियों से परिचित कराया। श्रीमती ममता कटारिया ने अल्प विराम, आनंद क्लब, आनंद सभा की जानकारी दी। परमानंद डाबरेने शांत समय से स्वयं अनुभव कराया गया। तीस सेकंड की ताली बजाने की मनोरंजक गतिविधियों से छात्राओं ने मेहसूस किया कि अपनी क्षमताए बहुत हैं। अभी से अपना लक्ष तय करेंगे। आनंद विभाग प्रभारी विजय खांडेकर ने मानव में अहं, नफरत, लालच, बुराई, जलन के भाव, भ्रष्टाचार, क्रोध से जीवन तनावमय रहता है। इसलिए खुद का खुद से संपर्क करें।

श्रीमती अमृता चतुर्वेदी ने घूमने फिरने और नई नई जानकारी का आनंद बताते हुए कहा कि, छोटी-छोटी निः स्वार्थ मदद से आनंद महसूस होता है, यही जीवन का आनंद है। आनंद की टीम में जिसमें प्रमुख रूप से श्रीमती पुष्पा लाड और श्रीमती स्वाति पंचोली द्वारा सत्र के दौरान मनोरंजन शैली में आनंद की अभिव्यक्ति बताई जिसमें छात्र-छात्राओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि ऐसा सत्र प्रतिदिन कक्षा में लगना चाहिए। इस अवसर सौ से अधिक आनंदकों के साथ विद्यालय के स्टॉफ जिसमें प्रमुख श्रीमती अल्का शाह, वर्षा पुरोहित, सपना नागदेवनी, सपना चौहान, चित्रा जाटवा, सौम्या सिंह उपस्थित थे। कार्यशाला के आनंदमय सम्पन्न होने पर आभार श्रीमती वर्षा पुरोहित ने माना।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

धार (निप्र)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार मेरा युवा भारत (माय भारत) धार द्वारा शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शारदा विध्या मंदिर स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता (विषय- भारत में जनसंख्या- समस्या एवं समाधान) का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा वर्ष 1989 में पहली बार विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया था। इसे प्रत्येक वर्ष मनाने का उद्देश्य यही है कि दुनियाभर में जनसंख्या के वैश्विक मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके। विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी उन्मूलन, मातृ स्वास्थ्य और मानवाधिकारों के महत्व सहित जनसंख्या-संबंधी चिंताओं के बारे में लोगों की जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि कैसे अधिक जनसंख्या का पर्यावरण और इसके प्राकृतिक संसाधनों पर भारी प्रभाव पड़ता है। इस वर्ष की थीम युवाओं को एक निष्पक्ष और आशापूर्ण दुनिया में अपनी मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना रखी गई है।



## विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

खण्डवा (निप्र)। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ. पी. जुगतावत ने शुक्रवार को सी.एम.एच.ओ. कार्यालय से जन जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से नागरिकों को जिलें के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों की जानकारी दी जायेगी तथा दंपतियों से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं द्वारा परिवार नियोजन के साधन अपनाकर अपने परिवार को सीमित रखने की अपील की जाएगी।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल ने बताया कि परिवार नियोजन के ये अस्थाई साधन जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि नसबंदी कराने वाली महिला को 2000 रुपये प्रोत्साहन राशि व प्रेरक को 300 रुपये का भुगतान किया जाता है। इसी प्रकार पुरूष नसबंदी कराने पर रूपये 3000 प्रोत्साहन राशि व प्रेरक को रूपये 400 दिये जाते हैं। प्रसव के पश्चात् 7 दिवस के अंदर नसबंदी कराने महिला हितग्राही को रूपये 3000 और प्रेरक को रू. 400 दिये जाते हैं।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक



देवास (निप्र)। कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक श्री प्रकाश केवलरमानी, हितग्राही मूलक योजना वाले विभाग, उद्योग विभाग, कृषि, मत्स्य पालन, सहकारिता, उद्यानिकी, एनआरएलएम, आरसेटी सहित अन्य संबंधित विभागों के प्रमुख एवं विभिन्न बैंकों के समन्वयक उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही ऋण वितरण योजनाओं की समीक्षा कर वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कामधेनु योजना का संचालन किया जा रहा है, जो बहुत अच्छी योजना है। बैंक प्रियोरिटी में रखकर कार्य करें। सरकार की पीएमएफएमई योजना का लाभ दे। पीएमएफएमई और पीएमईजीपी दोनों का लाभ दे। बैंक ज्यादा से ज्यादा ऋण स्वीकृत कर हितग्राहियों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दें। कृषि से संबंधित यंत्रों के लिए ऋण स्वीकार करें, नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोग आने वाले यंत्र हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, रोटावेटर के लिए ऋण दें। सभी सभी के बैंक अकाउंट खोले गए है। जिसमें लिए आधार बेस्ड पेमेंट हो रहा है। आधार बेस्ड स्कीम हेतु बैंक खाते से आधार और पेन कार्ड को लिंक करने के लिए शिविर लगाये।

कलेक्टर श्री सिंह ने एलडीएम को निर्देश दिए कि जीवन ज्योति बीमा योजना, जीवन सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के क्लेम के लिए जिले में पॉलिसी बनाये। बैंक किसी का बीमा करते हैं तो उसकी पर्ची सील लगाकर दें, जिससे घर वालों को भी पता रहे की बीमा है। एलडीएम नवाचार करें जिससे परिणाम दिखें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि स्व सहायता समूह को ऋण स्वीकार करें। कलेक्टर श्री सिंह ने स्व रोजगार योजनाओं में स्वी्कृत प्रकरणों और लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि सभी विभाग हितग्राही मूलक योजनाओं में ऋण स्वीकृत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक में पूर्व में आयोजित जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक में दिये गये निर्देशों की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने बैंकों को हितग्राही मूलक योजनाओं में ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना, स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, स्वयं सहायता समूह का लिंकेज, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीवीका मिशन, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, सावित्री बाई फुले स्व सहायता विकास समूह योजना, पीएमएफएमई योजना में लम्बित और स्वीकृत प्रकरणों की समीक्षा की और स्वीकृत प्रकरणों में ऋण वितरण के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की बैंकवार समीक्षा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सिंह ने पशु डेयरी, मत्स्य पालन और प्रधानमंत्री किसान निधि के लाभान्वित शत प्रतिशत किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के निर्देश दिये। उन्हों ने अटल पेंशन योजना, आरसेटी और वित्तीय साक्षरता केन्द्रों के अंतर्गत प्रगति, स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन, पीएमजेजेबीवाय, पीएमएसबीवाय के आवेदनों की समीक्षा कर सभी बैंकों के प्रमुखों एवं विभाग प्रमुखों को शासकीय योजनाओं के प्रकरणों को समयसीमा में स्वीकृत/वितरित करने के निर्देश दिये।

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. श्रीवास्तव ने बैठक में दिये निर्देश

# नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों की रोकथाम के लिए विद्यालयों में प्रहरी क्लब गठित करें

शाजापुर (निप्र)। म.प्र. बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य व उज्जैन संभाग प्रभारी डॉ. श्रीमती निशा श्रीवास्तव ने आज शाजापुर में जिले की बाल कल्याण संस्था एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर बाल अधिकार संरक्षण के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में म.प्र. बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य व उज्जैन संभाग प्रभारी डॉ. श्रीवास्तव ने कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में जिले में आंगनवाड़ी केन्द्रों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा किये जा रहे सपोर्टिव सुपरविजन के कार्यों की सराहना की।

इस दौरान म.प्र. बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य व उज्जैन संभाग प्रभारी डॉ. श्रीवास्तव ने बैठक लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में बच्चों को नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन से बचाने के लिये प्रहरी क्लब (नशा विरोधी अभियान क्लब) गठित करने, चिकित्सकों के माध्यम से प्रतिवर्ष एड्स जागरूकता संबंधी कार्यशाला आयोजित करने, अनिवार्य रूप से शिकायत पेटी लगवाने व समिति गठित करने, सूचना पटल पर चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 लिखवाने सहित अन्य निर्देश दिये।

उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को नियमित रूप से आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने, विधि विवादित गंभीर अपराध वाले बालकों के माता-पिता की काउंसलिंग कराने एवं समय-समय पर स्वसहायता समूहों की बैठक लेने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय से कार्य करें। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर इसकी जानकारी दें।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय त्रिपाठी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास सुश्री नीलम चौहान, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्री नवीन चन्द्र वर्मा, बाल कल्याण समिति सदस्य श्री आशुतोष सोनी, श्री मुकेश धनगर, श्री विक्रम सिंह तंवर, श्रीमती सविता चौहान, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती सोनल नाईक व श्री सदीप राठौर, शिशु गृह एसएए अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सहगल, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विवेक दुबे, श्रम निरीक्षक श्री आरके चौहान, सुश्री अमिता, जिला संयोजक श्रीमती मीना मण्डलोई उपस्थित थे।

## दिव्यांग विजय आया था आधार पंजीयन कराने, पंजीयन तो हुआ ही साथ में व्हीलचेयर भी मिल गई

खण्डवा (निप्र)। पिछले मंगलवार को खंडवा की कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पुनासा तहसील के ग्राम सालीखेड़ा निवासी रमेश ने कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता को आवेदन देकर अपने दिव्यांग पुत्र विजय का आधार पंजीयन ना होने की समस्या बताई थी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने रमेश को सलाह दी के अगली बार जब भी आएं तो दिव्यांग पुत्र को साथ ले आएं, हाथों-हाथ आधार पंजीयन करवा देंगे।

शुक्रवार को रमेश अपने दिव्यांग पुत्र को मुश्किल से ऑटो में बिठाकर कलेक्ट्रेट स्थित आधार पंजीयन केंद्र लेकर आया। जहां जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक श्री अनिल चंदेल ने हाथोंहाथ विजय की आधार पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण करवाई। दिव्यांग विजय की चलने फिरने में परेशानी को देखते हुए संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग श्रीमती निकिता मंडलोई ने दिव्यांग विजय को हाथों हाथ व्हीलचेयर भी दिलवा दी। जिससे वह सुविधाजनक तरीके से खुशी खुशी अपने घर चला गया।

## ओंकारेश्वर में मां नर्मदा की आरती अपने भव्य रूप में पुनः शुरू हुई



खण्डवा (निप्र)। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के निर्देश पर ओंकारेश्वर में नर्मदा तट पर स्थित कोटितीर्थ घाट पर मां नर्मदा की आरती अब प्रतिदिन भव्य रूप में शुरू की गई है। वर्ष 2020 के कोरोना काल के बाद से मां नर्मदा की आरती सामान्य रूप से प्रतिदिन होती थी। एसडीएम पुनासा श्री शिवम प्रजापति ने बताया कि श्रावण मास के पहले दिन शुक्रवार शाम से नर्मदा आरती अपने भव्य रूप में फिर से शुरू हो गई है, अब प्रतिदिन शाम को वैदिक आचार्यजन विधि विधान से भव्यता के साथ मां नर्मदा का पूजन, अभिषेक एवं महाआरती करेंगे। जिला प्रशासन एवं मंदिर संस्थान के सहयोग से आरती स्थल पर भव्य व्यवस्थाएं की जाएगी।

देश दुनिया से यहां आने वाले तीर्थयात्री हरिद्वार और ऋषिकेश की तरह ओंकारेश्वर नगरी में मां नर्मदा के तट पर होने वाली महाआरती में बड़ी संख्या में शामिल हो सकेंगे।मंदिर प्रशासन के इस निर्णय की स्थानीय श्रद्धालुओं ने सराहना की है।

# खिलचीपुर में 267 घरों का स्वास्थ्य सर्वे



## सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित उपचार दिया : सीएमएचओ डॉ. पटेल

**राजगढ़, निप्र।** खिलचीपुर नगर में पिछले एक हफ्ते से जल जनित बीमारियों के चलते उल्टी दस्त जैसी बीमारी से लोग ग्रसित हो रहे थे। इस पर स्वास्थ्य अमले ने तुरंत कार्यवाही करते हुए सभी मरीजों का उचित उपचार कर नगर का स्वास्थ्य सर्वे कराया। सर्वे के दौरान शुक्रवार को 32 लोगों ने उल्टी और दस्त सहित पेट दर्द की शिकायत दर्ज कराई। इन मरीजों को स्वास्थ्य अमले ने मौक पर ही उपचार देकर स्वास्थ्य के प्रति उचित परामर्श दिया। वहीं 18 के करीब मरीज अस्पताल में पहुंचे जिन्हें उचित उपचार देकर रवाना कर दिया गया। अस्पताल में कोई गंभीर मरीज भर्ती नहीं है।

मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने बताया कि खिलचीपुर नगर की स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और स्वास्थ्य अमला पूरे नगर में सर्वे कर रहा है। कोई भी मरीज यदि घर में उपचार ले रहे हैं तो वह अस्पताल में आकर अपनी जांच और उचित उपचार अवश्य कराएं। उल्टी, दस्त सहित पेट दर्द और बुखार का समय रहते प्राथमिक उपचार करने से ही इसे गंभीर होने से रोका जा सकता है। साथ ही अस्पताल प्रशासन द्वारा 10 मरीजों के स्टूल सेंपल लिए हैं और नगर के दो वाटर प्लांट से पानी के सेंपल कराकर उन्हें भोपाल लेबोरेटरी में भेजा है।



जब तक पानी के सेंपल की रिपोर्ट नहीं आती तब तक प्रशासन ने दोनों वाटर प्लांट सील कर दिए हैं। वहीं 19 मरीजों की मलेरिया स्लाईड भी बनाई थी जिसकी रिपोर्ट नेगेटिव्ह आई है।

### जागरूकता ही जल जनित बीमारी का बचाव

जिला महामारी नियंत्रक डॉ. महेन्द्रपाल सिंह ने बताया कि खिलचीपुर नगर में लोगों की बीमारी का प्रथम दृष्टियां जो कारण सामने आया है वह दूषित पेयजल का उपयोग माना जा रहा है। इससे बचने के लिए जागरूकता ही एक मात्र उपाय है। बारिश के दिनों में शुद्ध पेयजल का उपयोग करें, पानी का क्लोरिनीकरण करें, जल भंडारण का समय-समय पर सफाई करें, घरों की पानी की टंकी को ढक कर रखें, कुएं, बावड़ी, नदी, तलाब आदि के पानी का सेवन न करें, बाहर से आने पर साबुन से हाथ धोएं, फल और सब्जियां बिना धोए उपयोग न करें, कच्चा भोजन न खाएं उसे अच्छे से पका कर खाए ओर जरा भी स्वास्थ्य खराब दिखे तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपनी जांच कराएं।



## संक्षिप्त समाचार

### पौधे लगाकर मनाएंगे परिवार के उत्सव, पौधरोपण कर लिया संकल्प

**राजगढ़, निप्र।** पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के संतुलन के लिए पौधरोपण सबसे बेहतर और सरल उपाय है। यह बात बुधवार को जीरापुर में आयोजित पौधारोपण के दौरान प्राचार्य प्रीति विजयवर्गीय ने मौजूद बच्चों से कहीं। जिस पर पौधरोपण में शामिल बच्चों ने अपने और परिजनों के जन्मदिन या किसी भी विशेष पारिवारिक अवसर को पौधरोपण कर मनाने का संकल्प लिया। अभिषेक दांगी ने पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित कर सभी बच्चों को इसके लिए प्रेरित किया। पौधरोपण के दौरान संस्था सदस्यों ने नियमित रूप से पौधरोपण और उसके संरक्षण का संकल्प लिया। बच्चों को पौधरोपण के लाभ बताए गए। पौधारोपण में शिवराज पवार ईश्वर पवार, लखन प्रजापति संजय कारपेंटर, गोविंद सोनी, जानकी मेवाड़ा तरुण मालवीय शिवानी टांक अन्य संस्था सदस्य मौजूद थे।

### पाठ्यक्रम का नया सत्र शुरू

**राजगढ़/सुसनेर , निप्र।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय और मप्र जनअभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के नए सत्र की शुरुआत हो गई है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन प्रक्रिया ऑनलाइन चल रही है। इसुसनेर के ब्लॉक समन्वयक सत्यनारायण सोनी ने बताया कि 12वीं पास विद्यार्थी बीएसडब्ल्यू में एडमिशन ले सकते हैं।

### भाई के साथ मछली पकड़ने गए युवक की पचीपुरा तालाब में डूबने से मौत

**राजगढ़/बैराड़, निप्र।** भाई के संग मछली पकड़ने गए युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। तालाब से चार घंटे बाद शव बरामद हो सका। घटना बैराड़ के पचीपुरा तालाब की है। पुलिस ने पीएम कराकर मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। ग्राम नौन्हेटा खुर्द निवासी श्यामू आदिवासी (42) पुत्र ख्याली आदिवासी की शुक्रवार को तालाब में डूबने से मौत हो गई है। भाई बीरबल आदिवासी ने बताया कि मडरका व दुल्हारा गांव के बीच पचीपुरा तालाब में मछली पकड़ रहे थे। अचानक श्यामू का पैर फिसला और तालाब में गिर गया। गांव वालों को बुलाया और बैराड़ थाने व तहसील में सूचना दी। प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीईआरएफ टीम और गोताखोर बुलवाए। 4 घंटे की मशक्कत के बाद श्यामू का तालाब से शव बरामद हो सका।

### काव्य गोष्ठी : गुरु अज्ञान का अंधकार मिटा ज्ञान का प्रकाश देता है : बादल




**राजगढ़/नरसिंहगढ़, निप्र।** गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर मंगलवार रात को अखिल भारतीय साहित्य परिषद की स्थानीय इकाई ने श्री भरतगढ़ हनुमान मंदिर प्रांगण में काव्य गोष्ठी और विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति प्रहलाद शर्मा ने दी। हास्य कवि डालचंद बादल ने गुरु वंदना और हास्य क्षणिकाएं प्रस्तुत कर माहौल को खुशनुमा बना दिया। आध्यात्मिक चिंतक ठाकुर गोविंद सिंह मकवाना ने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु अज्ञान का अंधकार मिटाकर ज्ञान का प्रकाश देता है। उन्होंने बताया कि भगवान बुद्ध ने भी इसी दिन अपना पहला उपदेश दिया था। वरिष्ठ कवि ज्ञान सिंह खींची ने राष्ट्रभक्ति से भरे काव्य पाठ से जोश भर दिया। वरिष्ठ साहित्यकार मदन लाल मंडवाल ने गीता के आध्यात्मिक पक्ष और कर्मफल को श्रेष्ठ बताते हुए गीता के संदेश को आज के समय में प्रासंगिक बताया। पंकज शिवहरे ने शेर और मुक्तक सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर किया। साहित्य परिषद अध्यक्ष हरि सिंह परिहार पतंग ने श्रीराम-केवट संवाद पर भावनात्मक काव्य पाठ किया। दिलीप राजा ने गीत, गजल और दोहों से गोष्ठी को ऊंचाई दी। संचालन कर रहे प्रहलाद शर्मा ने गुरु पूर्णिमा का महत्व और वेदव्यास जयंती पर अपने विचार रखते हुए काव्य पाठ किया। राजेंद्र साहू ने भी अपने विचार रखे। गोष्ठी का आभार ज्ञान सिंह खींची ने व्यक्त किया।

### दिव्यांग को ट्राइसाइकिल एवं वैशाखी प्रदान की

**राजगढ़, निप्र।** उप संचालक सामाजिक न्याय के निर्देशानुसार जिला पंचायत परिसर में शुक्रवार कोग्राम खैरचा खेड़ी निवासीदिव्यांग आवेदक श्री रामप्रसाद को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा ट्राइसाइकिल एवं वैशाखी प्रदान की गई।

## राजगढ़ में शरारती तत्वों ने कुंडालिया योजना की पाइपलाइन तोड़ी : 90 गांवों की पानी सप्लाई ठप



**राजगढ़, निप्र।** राजगढ़ जिले के जीरापुर क्षेत्र में कुंडालिया पेयजल समूह योजना की पाइपलाइन को अज्ञात शरारती तत्वों ने जानबूझकर नुकसान पहुंचाया है। यह पाइपलाइन मल्हारपुरा एमबीआर से मन्याखेड़ी-पिपल्दी रोड पर गिट्टी मशीन के पास क्षतिग्रस्त की गई।

**90 गांवों की सप्लाई पर असर :** पाइपलाइन टूटने से दोबड़ा, भोजपुर, सेमली समेत 90 गांवों की जल आपूर्ति रुक गई है। हजारों लोगों को पीने के पानी के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है। कुंडालिया डैम से जोड़ी गई यह योजना बीते एक साल से एमबीआर तक पानी पहुंचा रही थी। एलएनटी कंपनी के प्रोजेक्ट, प्लानिंग और कंस्ट्रक्शन मैनेजरों ने घटना को जानबूझकर की गई तोड़फोड़ बताया है।

**जल निगम मौके पर पहुंचा, मरम्मत काम जारी :** जल निगम के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया है। उन्होंने तुरंत मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों से ऐसी विध्वंसक गतिविधियों से दूर रहने की अपील की गई है।

प्रशासन ने अपील की है कि कोई भी इस तरह की गतिविधियों से दूर रहे और संदिग्ध हरकत दिखे तो तुरंत सूचना दें।

## बाल अधिकार, बाल विवाह, सगाई, श्रम और तस्करी जैसे मुद्दों पर संवाद किया

**राजगढ़, निप्र।** बच्चों के हित में शुक्रवार को अहिंसा वेलफेयर टीम ने जिले के 5 स्थानों पर संवाद कार्यक्रम किए। इनमें प्रशासन, स्कूलों के शिक्षक, छात्र और स्थानीय लोग शामिल हुए। सत्रों में बाल अधिकार, बाल विवाह, सगाई, श्रम और तस्करी जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। सभी ने मिलकर राजगढ़ को बाल विवाह, सगाई और तस्करी से मुक्त जिला बनाने का संकल्प लिया। नरसिंहगढ़ के गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं से संवाद हुआ। उन्हें उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सामाजिक कुरीतियों पर खुलकर बातचीत हुई। छात्राओं ने अपने विचार रखे और अभियान में सहयोग का वचन दिया। राजगढ़ के सेमली गांव में समुदाय के साथ संवाद हुआ। लोगों ने बाल विवाह और सगाई जैसी प्रथाओं को खत्म करने के लिए जागरूकता फैलाने की बात कही। परियोजना समन्वयक रजनी प्रजापति ने बताया कि अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम लगातार स्कूलों और समुदायों में जाकर बच्चों के अधिकारों पर काम कर रही है। बाल विवाह, सगाई, श्रम और तस्करी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, ÷हमारा सपना है कि राजगढ़ जल्द ही कुरीतियों से मुक्त जिला बने।÷ कार्यक्रम के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे समाज में बदलाव लाकर बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाएंगे। अब स्कूलों के छात्र-छात्राएं भी इस अभियान में आगे आ रहे हैं।

राजगढ़ एक सुरक्षित और कुरीति-मुक्त समाज की ओर बढ़ रहा है। राजगढ़7 जनपद पंचायत में बाल विवाह रोकथाम और विवाह पंजीयन की अनिवार्यता को लेकर बैठक हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष जोशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी पंचायत सचिव और रोजगार सहायक शामिल हुए। बैठक में तय किया गया कि पंचायत स्तर पर बाल विवाह पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। साथ ही विवाह पंजीयन रजिस्टर का नियमित संधारण किया जाएगा। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम ने भी बैठक में भाग लिया। टीम ने बाल विवाह और बाल सगाई जैसे गंभीर मुद्दों पर प्रस्तुति दी। एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन की समन्वयक रजनी प्रजापति ने बताया कि हर पंचायत में विवाह पंजीयन रजिस्टर का होना जरूरी है। यह न सिर्फ कानूनी आवश्यकता है, बल्कि बाल विवाह रोकने का प्रभावी माध्यम भी है। उन्होंने बताया कि सोसायटी द्वारा चयनित गांवों में भी ऐसे रजिस्टर तैयार किए जा रहे हैं। इससे हर विवाह की जानकारी समय पर दर्ज हो सकेगी। **विवाह रजिस्टर अनिवार्य रूप से तैयार करें :** जनपद सीईओ जोशी ने सभी सचिवों को निर्देश दिए कि वे अपने पंचायत क्षेत्रों में विवाह रजिस्टर अनिवार्य रूप से तैयार करें। उसका नियमित संधारण करें। उन्होंने कहा कि यह रजिस्टर केवल रिकॉर्ड नहीं, बल्कि समाज में बदलाव लाने का दस्तावेज बन सकता है। इससे बाल विवाह जैसे अपराधों पर समय रहते रोक लगे।

## ओंकारेश्वर व नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में 30 दिनों तक चलेगा महा-रूद्राभिषेक



**राजगढ़/सुसनेर, निप्र।** भूतभावन भोलेनाथ का प्रिय मास श्रावण 11 जुलाई से शुरू होगा। एक माह तक श्रद्धालु शिवभक्ति में लीन रहेंगे। महिलाएं अभी से शिवालयों में पूजा के लिए पहुंचने लगी हैं। नगर के शिव मंदिरों में समितियां तैयारियों में जुटी हैं। मेला ग्राउंड स्थित प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर और ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में पूरे 30 दिन महारूद्राभिषेक होगा। इसकी शुरुआत 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा से होगी। क्षेत्र में सुख-समृद्धि और अच्छी वर्षा की कामना के साथ यह अनुष्ठान किया जाएगा। हर दिन सुबह शिवभक्त दूध, दही, घी, शहद और पंचामृत से रूद्राभिषेक करेंगे। नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में पंडित ब्रह्मप्रकाश भट्ट और ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में पंडित गोविंद शर्मा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रूद्राभिषेक कराएंगे। दोनों मंदिरों में प्रतिदिन सुबह-शाम आरती होगी। सावन के चारों सोमवार को महादेव का विशेष श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी। नगर के अन्य मंदिरों में भी होंगे धार्मिक आयोजन। सिंचाई विभाग स्थित श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर, मोरूखेड़ी का शिव मंदिर, पहाड़ी पर स्थित पंच देवलिया महादेव मंदिर, त्रिवेणी संगम पर तारकेश्वर महादेव मंदिर, सत्यनारायण गली का मनकामनेश्वर महादेव मंदिर, श्री खेडापति हनुमान मठ स्थित पीपलेश्वर महादेव मंदिर, कंठाल नदी के महादेव घाट, जयेश्वर महादेव मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर और संकट मोचन हनुमान मंदिर में भी सावन के चारों सोमवार को शिव का श्रृंगार होगा। इन मंदिरों में जलाभिषेक, रूद्राभिषेक, रामायण पाठ, भजन संध्या, सुंदरकांड और कीर्तन जैसे आयोजन होंगे।



## परीक्षा ली, जो पास होंगे वही बनेंगे बीएलओ

**राजगढ़/सुसनेर, निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सुसनेर विधानसभा में 10 जुलाई से 12 जुलाई तक के लिए बीएलओ और सुपरवाइजर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। ये शिविर तहसील रोड स्थित शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में शुक्रवार से शुरू हुआ। इसकी शुरुआत सुसनेर एसडीएम सर्वेश यादव की अध्यक्षता में हुई। हर दिन दो पालियों में सुसनेर, नलखेडा, सोयत और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शुक्रवार को पहली पाली सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक चली। इसमें सोयत क्षेत्र के 50 बीएलओ और 3 सुपरवाइजर शामिल हुए।

दूसरी पाली दोपहर 2 से 4 बजे तक चली। इसमें सुसनेर के 50 बीएलओ और 3 सुपरवाइजर को प्रशिक्षण मिला। मास्टर ट्रेनर इरफान खान और संदीप परिहार ने प्रशिक्षण दिया। इसके बाद सभी बीएलओ की ऑनलाइन परीक्षा हुई। इस परीक्षा की निगरानी चुनाव आयोग ने की। परीक्षा में पास होने वाले ही बीएलओ बने रहेंगे। प्रशिक्षण में आयोग द्वारा दी गई पीपीटी के जरिए प्रोजेक्टर से जानकारी दी गई। इसमें घर-घर सर्वे, फार्म नंबर 6, 7 और 8 की जानकारी, बीएलओ एप से फॉर्म भरने की प्रक्रिया सिखाई गई। प्रशिक्षण के बाद बीएलओ के ग्रुप बनाकर उपस्थिति दर्ज की गई। फिर 30 प्रश्नों के उत्तर ऑनलाइन दर्ज कराए गए।

## खिलचीपुर में घायल गायों को लेकर विहिप-बजरंग दल का विरोध

**राजगढ़, निप्र।** राजगढ जिले के खिलचीपुर नगर में बेसहारा और घायल गोवंश की दुर्दशा, बढ़ती गौ तस्करी और सरकारी तंत्र की अनदेखी के खिलाफ शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार सोनू गुप्ता को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को चेताया कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया कि नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में गायें घायल, बीमार और भूखी-प्यासी हालत में सड़कों पर भटक रही हैं। कई बार ये गोवंश सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं, लेकिन समय पर इलाज और राहत नहीं मिल पाती। कार्यकर्ताओं ने पशु चिकित्सकों की गैरमौजूदगी और गोशाला प्रबंधन की मनमानी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि नगर परिषद के पास घायल गायों को लाने के लिए न तो स्थायी वाहन व्यवस्था है और न ही कोई आपातकालीन टीम। वहीं, गोशाला संचालक घायल गायों को रखने से इनकार कर देते हैं, यह कहते हुए कि इलाज और चारे का खर्च कौन उठाएगा। ऐसी स्थिति में घायल गोमाता या तो दम तोड़ देती है या तड़पती रहती है।

### ज्ञापन में पांच मांगे रखी गई

कार्यकर्ताओं ने 5 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा, जिसमें घायल गोवंश के इलाज हेतु चिकित्सकों की जवाबदेही तय करना, गौ तस्करी पर रोक लगाने के लिए निगरानी चौकी स्थापित करना, गोशालाओं की व्यवस्था सुधारना, नगर परिषद द्वारा वाहन सुविधा उपलब्ध कराना और प्रत्येक वार्ड में गौ आश्रय स्थल बनाने की मांग शामिल थी।

### ये रहे मौजूद

ज्ञापन देने वालों में जिला महाविद्यालय प्रमुख राजू मालवीय, प्रखंड मंत्री बिरम सरावत, नगर मंत्री वैभव सोनी, अरुण मालाकार, पवन बैरागी, हरिओम पंवार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की।


कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग राजगढ़

निविदा सूचना कमांक 12/निविदा/2025–26 राजगढ़, दिनांक 10.07.2025

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदाये आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :–

| स.क्र. | टेण्डर नं० | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण कमांक | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_436076_1 | राजगढ़ | बी.टी. पेंच रिपेयर | सी.सी. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य लोक निर्माण विभाग (भ/प) संभाग राजगढ़ | प्रथम | 29.90 | 50000.00 | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2025_PWDRB_436436_1 | राजगढ़ | विशेष मरम्मत | विशेष मरम्मत कार्य विधायक बंगला सुठालिया जिला राजगढ़ | प्रथम | 4.23 | 8460.00 | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | | योग – | | 34.13 | | |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम *दिनांक 28.07.2025 सायं 17:30* बजे निर्धारित है । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट मे देखा जा सकता है । निविदा मे होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।
अमानत राशि एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन स्वीकार किये जावेगें ।

G-15525/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग भ/प
संभाग राजगढ़


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरूण कुमार पटेल द्वारा अरुण ऑफसेट प्रिंटर्स, द मॉल शॉपिंग काम्प्लेक्स, कोलार रोड भोपाल से मुद्रित कराकर आनंद विद्या भारती स्कूल के सामने सिराज उद्दीन खान म.नं. 5 जिला राजगढ़ से प्रकाशित। **संपादक:** अरुण कुमार पटेल, **स्थानीय संपादक: इफ्तेखार उद्दीन खान,** मो. 9977442619 उप संपादक : कमरुद्दीन खॉन मो. 9425442435( समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र राजगढ़ होगा।)